अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 20 अक्तूबर 2021
आश्विन पूर्णिमा
विक्रम संवत-2078

Page No. 13 : Middle

रिद्धिमा में आधुनिक थिएटर तकनीक पर वर्कशॉप शुरू

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में मंगलवार को आधुनिक थिएटर तकनीक पर शुरू हुई वर्कशाप में पहले दिन प्रतिभागियों को एक्टिंग, मेकअप, मास्कमेकिंग, स्टेज, लाइट, साउंड संबंधी बारीकियों की जानकारी दी गई।

वर्कशाप छह दिन तक चलेगी। मंगलवार को रंगकर्मी जेसी पालीवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आईएमएस के प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर वर्कशाप का उद्घाटन किया। जेसी पालीवाल ने थिएटर और दुनिया को एक जैसा बताया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने थिएटर को जीवनशैली बदलने और तनाव खत्म करने का माध्यम बताया। कोआर्डिनेटर अनुज गुप्ता ने थिएटर वर्कशाप की जानकारी दी। संवाद